# अनुबंध आधार पर परामर्शदाता (हिन्दी ) की नियुक्ति की शर्तें

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ( डीएसटी ), भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्तशासी निकाय , प्रौद्योगिकी सूचना,पूर्वानुमान एवं मूल्यांकन परिषद (टाइफैक) भारतीय नागरिकों से, एक वर्ष के लिए पूर्णकालिक परामर्शदाता (हिंदी) की अनुबंध और समेकित वेतन आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदनपत्र आमंत्रित करता है l आवश्यकता होने पर अनुबंध की अवधि एक वर्ष और बढ़ाई जा सकती है l नियुक्ति की शर्तें निम्नलिखित हैं :

**1.अनिवार्य योग्यताएं** –एम.ए. (हिन्दी)

**2. अनुभव** – आवेदक के पास भारत सरकार के मंत्रालयों /विभागों /स्वायत्तशासी निकायों /सांविधिक निकायों / सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में राजभाषा (हिन्दी) से सम्बंधित कार्यों को करने का कम से कम 15 वर्ष का अनुभव होना चाहिए ,इसमें कम से कम 10 वर्ष का पर्यवेक्षण स्तर का अनुभव होना चाहिए l

**3.वांछनीय** –आवेदक को भारत सरकार की राजभाषा नीति के प्रावधानों का पूर्ण ज्ञान और नियमों और विनियमों ,मार्गनिर्देशों ,प्रणालियों और प्रक्रियाओं एवं कार्यान्वियन की समझ होनी चाहिये l आवेदक को अनुवाद,टंकण आदि का अच्छा ज्ञान होना चाहिए ,साथ ही , कम्प्यूटर्स , इंटरनेट, ईमेल आदि के उपयोग की जानकारी होनी चाहिये l

**4. कार्य का क्षेत्र** –

- टाईफैक में हिन्दी के कार्यान्वियन के सांविधिक लक्ष्यों को प्राप्त करना
- टाईफैक में हिन्दी के कार्यान्वियन से जुड़ी सांविधिक तिमाही एवं छमाही रिपोर्टों को भेजना
- टाईफैक हिन्दी समिति(यों) की बैठकों का समन्वय करना
- हिन्दी कार्यशालाएं आयोजित करना
- हिन्दी पखवाड़ा आयोजित करना
- टाईफैक के पत्रों ,आदेशों ,परिपत्रों ,दस्तावेजों आदि का अनुवाद
- वार्षिक रिपोर्टों का अनुवाद एवं उन्हें नियमित रूप से मंत्रालय भेजना
- हिन्दी भाषा में पत्राचार
- द्विभाषी फॉर्मों को तैयार करना
- हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर तैयार करना
- हिन्दी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन
- भारत सरकार के राजभाषा संबंधी निर्देशों के अनुसार सभी कार्य

**5. व्यावसायिक शुल्क / समेकित पारिश्रमिक**

परामर्शदाता को परामर्शी मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के अनुसार 40,000 रुपये -70,000 रूपये प्रतिमाह (सभी मिलाकर) के समेकित पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा l ऊपर दर्शाई गयी राशियां सभी मिलाकर हैं एवं इनमें सभी कर (यदि हैं तो ) शामिल हैं l अन्य आनुषांगिक खर्चों जैसे परिवहन,टेलीफोन आदि का भुगतान नहीं किया जायेगा l उन्हें अगर बाहरी स्टेशन की यात्रा पर भेजा जाता है तो उन्हें उनकी पिछली सरकारी सेवा की यात्रा पात्रता के बराबर टी ए / डी ए का भुगतान किया जाएगा l

**6.गोपनीयता एवं हितों की प्रतिकूलता** - नियुक्त परामर्शदाता (हिन्दी ) से अपेक्षा रहेगी कि वह गोपनीयता बनाए रखेंगे/रखेंगी और अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वाह करेंगे /करेंगी l यदि यह पाया जाता है कि वह टाईफैक के हितों के विरुद्ध हैं तो बिना

कारण बताये, उनकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं l परामर्शदाता को टाईफैक से लिखित अनुमति लिए बिना कोई दूसरा कार्य करने की अनुमति नहीं होगी l

**7. समापन**

टाईफैक अथवा परामर्शदाता (हिन्दी) बिना कोई कारण बताये ,दूसरी पार्टी को एक महीने का लिखित नोटिस देकर अनुबंध को समाप्त कर सकते हैं l

**8. छुट्टी की पात्रता**

पूर्णकालिक परामर्शदाता हेतु प्रत्येक पूर्ण माह के लिए 2.5 छुट्टी की पात्रता होगी l परामर्शदाता को उनकी निर्धारित छुट्टियों के अलावा कोई अन्य पारिश्रमिक देय नहीं होगा l छुट्टियाँ अगले वर्ष के खाते में नहीं डाली  जायेंगी l

9. आवेदकों को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियाँ संलग्न करनी होंगी जोकि उनके प्रत्यय-पत्रों(क्रिडेन्शिअल्स )

के प्रमाण के तौर पर स्व-सत्यापित की जायेंगी :

i ) डिग्री प्राप्ति के प्रमाण का प्रमाणपत्र (स्नातक और परास्नातक ) जैसा की ऊपर वर्णित  है

ii) पीपीओ ,एलपीसी आदि (यदि लागू हो )
iii) अनुभव प्रमाणपत्र
iv) अनापत्ति प्रमाणपत्र / नियोक्ता से कार्यमुक्ति पत्र (यदि वर्तमान में कार्यरत हैं )

इसके अलावा छंटाई /चयन /अनुबंध हस्ताक्षर प्रक्रिया के दौरान, आवश्यकता पड़ने पर, टाईफैक द्वारा मांगे गए अन्य दस्तावेज़ l

**सामान्य शर्तें:**

i. टाईफैक में आवेदन-पत्रों (हार्ड कॉपी ) की प्राप्ति की अंतिम तारीख 08 अक्टूबर,2018 है l आवेदन-पत्र प्रभारी (वित्त एवं प्रशासन) , प्रौद्योगिकी सूचना,पूर्वानुमान एवं मूल्यांकन परिषद (टाइफैक), प्रथम तल ,ए-विंग ,विश्वकर्मा भवन ,शहीद जीत सिंह मार्ग,नई दिल्ली -110016 को संबोधित होंगे l
ii. लिफ़ाफ़े के ऊपर 'टाइफैक में परामर्शदाता (हिंदी)हेतु आवेदन –पत्र' लिखा होना चाहिए l
iii. ऊपर दिए गयी अहर्ताओं जैसे योग्यताओं / अनुभव आदि के लिए गणना की तारीख 30.09.2018 होगी l
iv. निर्धारित योग्यताएं /अनुभव निम्नतम हैं और ये इन्हें रखने वाले अभ्यर्थी को साक्षात्कार में आमंत्रित किये जाने का पात्र नहीं बना देते l
v. टाइफैक को अधिकार है कि वह एक उचित सीमा के बाद साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों की संख्या को प्रतिबंधित कर सकता है l
vi. टाइफैक को यह भी अधिकार है कि वह किसी भी अवस्था में ,बिना कोई कारण बताये किसी एक या सभी आवेदन-पत्रों को अस्वीकार कर सकता है l

# परामर्शदाता हिन्दी की नियुक्ति हेतु आवेदन –पत्र

फोटो

1. आवेदक का नाम :

2. जन्मतिथि :

3. स्थायी पता :

4. पत्राचार का पता :

5. संपर्क हेतु नम्बर (मोबाइल और लैंडलाइन ) :

6. ईमेल आईडी :

7. राष्ट्रीयता :

8. शैक्षिक योग्यता :
(कक्षा 10 से आगे )

| परीक्षा /डिग्री | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण करने का वर्ष | % ग्रेड | विषय |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

9. व्यावसायिक योग्यता :

| परीक्षा /डिग्री | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण करने का वर्ष | % ग्रेड | विषय |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

10. कालक्रमानुसार अनुभव का विवरण (दायित्वों के निर्वहन का संक्षिप्त विवरण – विस्तृत विवरण अनुलग्नक के प्रपत्र में दिया जा सकता है )

| संगठन का नाम | धारित पद | मूल वेतन | अवधि | कार्यों की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

11. अंतिम पारिश्रमिक (अंतिम मूल वेतन , यदि सरकारी सेवा में हैं तो ):

12. अन्य कोई सूचना

नोट : कृपया प्रमाणपत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियां संलग्न करें , जैसा कि विज्ञापन में उल्लेखित है

## घोषणा

मैं इसके द्वारा घोषणा करता हूं कि ऊपर दी गयी सूचना मेरी सम्पूर्ण जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और पूर्ण है ।

**दिनांक** : **स्थान** : **हस्ताक्षर** :